# बिहार सरकार

## लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

### कार्यालय आदेश

संख्या–1/एम–1–101/2020 (छाया संचिका)– 40 पटना, दिनांक–18.08.2026

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अंतर्गत कार्यरत एवं प्रशासनिक स्वीकृति की प्रक्रिया में शामिल बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना तथा इसके साथ–साथ ग्रामीण जलापूर्ति योजना (PWS) एवं एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजना (SVS) (पूर्व में विश्व बैंक के सहयोग से निर्मित) योजनाओं से संबंधित सभी कार्यों का ससमय निराकरण के लिए विभागीय प्रशाखा–6/12 द्वारा उपस्थापित संचिका मो0 जुबैर, कार्यपालक अभियंता (असैनिक), लोक स्वास्थ्य परियोजना प्रमंडल सं0–05, पटना को अपने कार्यों एवं दायित्वों के अतिरिक्त आवंटित किया जाता है। मो0 जुबैर द्वारा उक्त संचिका श्री डेविड कुमार चतुर्वेदी, अधीक्षण अभियंता (असैनिक), लोक स्वास्थ्य रूपांकण एवं योजना अंचल सं0–04, पटना को उपस्थापित की जायेगी।

2. विभागीय प्रशाखा–15 के माध्यम से निष्पादित किये जाने वाले निविदा के अभिलेखों की जाँच करते हुए विभागीय निविदा समिति के बैठक हेतु संचिका श्री उत्कर्ष भारती, कार्यपालक अभियंता (मो0/मू0), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को अपने कार्यों एवं दायित्वों के अतिरिक्त आवंटित किया जाता है। श्री भारती द्वारा उक्त संचिका मुख्य अभियंता, दक्षिणी बिहार, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को उपस्थापित की जायेगी।

3. पूर्व में निर्गत आदेश इस हद तक संशोधित समझा जाय।

4. यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

ह0/- 18/8/2026
(अरविन्द कुमार)
ह0 अपर सचिव

ज्ञापांक– 651 पटना, दिनांक– 18.08.2026

प्रतिलिपि–विशेष सचिव/अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय/कार्य प्रबंधन)/अपर सचिव/सभी मुख्य अभियंता (असैनिक/यांत्रिक)/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण)/संयुक्त सचिव (प्र0को0)/विशेष पदाधिकारी/उप सचिव/अवर सचिव/सभी अधीक्षण अभियंता (असैनिक/यांत्रिक)/सभी कार्यपालक अभियंता (असैनिक/यांत्रिक)/सभी संबंधित पदाधिकारी/सभी पदाधिकारियों (मुख्यालय)/सभी प्रशाखा पदाधिकारी /विभागीय आई0टी0 मैनेजर (विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु)/विभागीय कंट्रोल रूम/ विभागीय डाक पटल, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 18/8/2026
(अरविन्द कुमार)
ह0 अपर सचिव

ज्ञापांक– 651 पटना, दिनांक– 18.08.2026

प्रतिलिपि–माननीय मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के आप्त सचिव/प्रधान सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/- 18/8/2026
(अरविन्द कुमार)
ह0 अपर सचिव